इंदौर | मंगलवार | 24 जून 2025 | वर्ष 65 | अंक 140 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से

इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 बिहार चुनाव: तेजस्वी-चिराग चर्चा में



5 देश ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद



8 पंत ने शतक लगाकर रचा इतिहास



7 भारत जी7 अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल जाएगा: रिपोर्ट

# ईरान के 15 फाइटर जेट तबाह

## इजरायल का ईरान पर बड़ा हवाई हमला, तेहरान में हमले जारी

**तेल अवीव/तेहरान, 23 जून. इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने पश्चिमी, पूर्वी और मध्य ईरान में छह प्रमुख एयरबेस पर ड्रोन और लड़ाकू विमानों से बड़े हवाई हमले किए हैं. इस कार्रवाई में ईरान के 15 फाइटर जेट, हेलीकॉप्टर, रनवे और बंकर तबाह किए गए हैं. इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि हमलों में मेहराबाद, मशहद और डेज़फुल एयरबेस को निशाना बनाया गया.**

इन ठिकानों पर एफ-14, एफ-5 और एएच-1 जैसे विमान, एक ईंधन भरने वाला टैंकर और भूमिगत बंकर ध्वस्त किए गए हैं. आईडीएफ के अनुसार, करमानशाह क्षेत्र में भी हमला किया गया, जहां मिसाइल लॉन्च और भंडारण केंद्रों को निष्क्रिय किया गया. इन हमलों से ईरानी वायु सेना की ऑपरेशनल क्षमता को गंभीर नुकसान हुआ है.




इससे पहले 13 जून को इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला किया था, जिसके बाद से दोनों देशों के बीच खुला संघर्ष शुरू हो गया है. रविवार को अमेरिका ने भी हस्तक्षेप करते हुए ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर 'बंकर बस्टर' बम गिराए. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि इन हमलों ने ईरान की परमाणु क्षमता को नष्ट कर दिया है.

### इजरायल पर 40 मिनट तक बरसीं ईरानी मिसाइलें

**तेहरान, 23 जून.** ईरान की तरफ से इजरायल पर 15 मिसाइलें दागे जाने की खबरें हैं. बताया जा रहा हे कि ईरान ने इजरायल पर फतेह-1 मिसाइल दागी हैं. इजरायल में हर तरफ सायरन का शोर है और लोग बंकरों में छिपे हुए हैं. इजरायल मिलिट्री के प्रवक्ता की तरफ से कहा गया है कि उसकी एयरफोर्स की तरफ से ईरान की राजधानी तेहरान में हवाई हमले जारी हैं. मिलिट्री प्रवक्ता का कहना है कि वह खासतौर पर इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर कमांड के सेंटर को निशाना बना रही है. सोमवार को ईरान और इजरायल के बीच जमकर मिसाइल हमले हुए. दोनों देशों के बीच युद्ध को अब दो हफ्ते होने वाले हैं. अतंरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से तनाव कम करने की कई अपीलों के बावजूद दोनों ही पीछे हटने को तैयार नहीं हैं.

### अमेरिका-इजरायल पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, 23 जून.** ईरान की परमाणु फैसिलिटी पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमलों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक में ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया दी. ईरान ने अमेरिका और इजरायल पर कूटनीति को नष्ट करने और क्षेत्र को युद्ध के गर्त में धकेलने का आरोप लगाया. ईरान ने यूएनएससी से मांग की कि अमेरिका और इजरायल के खिलाफ तत्काल अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई हो. ईरान ने आरोप लगाया कि तीन परमाणु साइट्स - फोर्डो, नतांज और इस्फाहान पर किए गए हमलों ने वैश्विक शांति को खतरे में डाल दिया है. अमेरिका ने इन आरोपों को निराधार बताया, जबकि इजरायल ने अपने हमलों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा और ईरान पर परमाणु हथियार निर्माण की कोशिशों और वैश्विक समुदाय को धोखा देने के आरोप लगाए.



# पीएम मोदी से मिले सीएम

## डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ कार्यों से कराया अवगत

**उज्जैन ,23 जून. सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सौजन्य भेंट करते हुए उन्हें कछुआ भेंट किया. साथ ही उज्जैन से लेकर पूरे मध्य प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों से अवगत कराया.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अवगत कराया कि उज्जैन सिंहस्थ 2028 के लिए कितना तैयार हो रहा है ,साथ ही सिंहस्थ के मद्देनजर प्रदेश के कई जिलों में भी विकास कार्य किया जा रहे हैं, जिसका लाभ महाकुंभ में आने वाले 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा.

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में आशीर्वाद देने और अक्टूबर माह में सीहोर में आयोजित होने वाले वृहद कृषि मेले में पधारने हेतु आमंत्रण दिया. मध्य प्रदेश में तमाम तरह के विकास कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं .ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को आदिवासी बाहुल्य धार जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क, भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट और ग्वालियर में टेलीकॉम पार्क की स्थापना के प्रयासों से भी अवगत कराया. केंद्र सरकार की कई योजनाएं मध्यप्रदेश सरकार ने लागू की है.

## एक नजर में



### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज बिहार की यात्रा पर

**नई दिल्ली.** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को बिहार की यात्रा पर रहेंगे और मुजफ्फरपुर के एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि होंगे. उप राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ 24 जून को बिहार के मुजफ्फरपुर जाएंगे. इस दौरान वह भगवानपुर स्थित एल.एन. मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. धनखड़ छात्रों और संकाय सदस्यों से बातचीत भी करेंगे.

### मानवधिकार आयोग ने सरकार से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली.** ओडिशा के गंजाम जिले के गोपालपुर समुद्र तट पर 20 वर्षीय छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वत: संज्ञान लेते हुए ओडिशा सरकार और राज्य पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है. आयोग ने दो सप्ताह के भीतर जांच की प्रगति, पीड़िता के स्वास्थ्य, और उसे दिए गए मुआवजे व सहायता से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. एनएचआरसी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 जून को छात्रा अपने पुरुष मित्र के साथ समुद्र तट पर गई थी, जहां लगभग 10 लोगों ने युवक को पकड़कर लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. रिपोर्ट को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन मानते हुए आयोग ने राज्य सरकार से तत्काल जवाब मांगा है.

### कार से 3,700 कारतूस के साथ 2 गिरफ्तार

**कैमूर.** बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र से पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक कार की डिक्की से 3700 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. बताया जा रहा है कि इसकी आपूर्ति नालंदा जिले में की जानी थी. इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. कैमूर के पुलिस अधीक्षक हरि मोहन शुक्ला ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने शत्रुघ्न शर्मा और कुमार अभिजीत को गिरफ्तार किया है. शर्मा उत्तर प्रदेश के औरैया का रहने वाला है जबकि अभिजीत नालंदा जिले के भगनबिगहा का निवासी है. उन्होंने बताया कि इनके पास से 3700 जिंदा कारतूस, पांच मोबाइल फोन और 4850 रुपए नकद भी बरामद किए गए हैं. बरामद कारतूस 60 प्लास्टिक के पॉकेट में रखे हुए थे, जिसमें 2950 जिंदा कारतूस 8 एमएम के और 750 जिंदा कारतूस 315 बोर के हैं.

# 3 अफसरों पर लगाया जातिवाद का आरोप

- इंडिगो ट्रेनी पायलट ने की थी शिकायत
- एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली, 23 जून. इंडिगो एयरलाइंस के एक ट्रेनी पायलट ने तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर जातिसूचक टिप्पणी और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है. पायलट का दावा है कि अधिकारियों ने कहा कि वह विमान उड़ाने लायक नहीं है और उसे जूते सिलने चाहिए.**



शिकायतकर्ता एससी वर्ग से हैं और उन्होंने यह शिकायत पहले बेंगलुरु पुलिस को दी, जहां जीरो एफआईआर दर्ज कर इसे गुरुग्राम ट्रांसफर किया गया. आरोपित अधिकारियों के नाम तापस डे, मनीष साहनी और कैप्टन राहुल पाटिल हैं. आरोप है कि 28 अप्रैल को गुरुग्राम स्थित ऑफिस में एक बैठक के दौरान जातिसूचक टिप्पणियां की गईं. साथ ही, पायलट को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, सैलरी काटी गई, यात्रा सुविधाएं छीनी गईं और अनावश्यक चेतावनियां दी गईं. इंडिगो ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि कंपनी भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ सख्त नीति अपनाती है और जांच में पुलिस का पूरा सहयोग करेगी. ट्रेनी पायलट का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, पर कार्रवाई न होने पर अब कानूनी रास्ता अपनाया है.

### ईरान समर्थन पर सोनिया गांधी को इज़रायल की फटकार

**नई दिल्ली, 23 जून.** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा ईरान के पक्ष में लिखे गए एक लेख पर इज़रायल ने कड़ा ऐतराज जताया है. भारत में इज़रायल के राजदूत रुवेन अजार ने कहा कि सोनिया गांधी को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन एक जिम्मेदार नेता होने के नाते उन्हें मध्य पूर्व के जटिल हालात की समुचित जानकारी होनी चाहिए. राजदूत ने कहा कि सोनिया गांधी ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकी हमलों की स्पष्ट निंदा नहीं की, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है.

# भुवनेश्वर फ्लाइट में तकनीकी खराबी

- इंदौर में एयरपोर्ट पर यात्रियों में मचा हड़कंप
- सुधार के बाद इंडिगो फ्लाइट की गई रवाना

**इंदौर, 23 जून. देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब भुवनेश्वर जाने वाला इंडिगो एयरलाइंस का विमान टेकऑफ से ठीक पहले रनवे से वापस टर्मिनल की ओर लौट आया. पायलट को तकनीकी खराबी के संकेत मिले थे, जिसके चलते एहतियातन यह निर्णय लिया. बाद में सुधार कर फ्लाइट रवाना हो गई.**

इंडिगो की फ्लाइट 6ई-6331/6332 सुबह 8.15 बजे भुवनेश्वर से इंदौर पहुंचती है और निर्धारित समयानुसार सुबह 9 बजे इंदौर से वापस भुवनेश्वर के लिए रवाना होती है. सोमवार को यह फ्लाइट तय समय से करीब 35 मिनट पहले सुबह 7.40 बजे ही इंदौर पहुंच गई थी. इसी वजह से रवाना करने की तैयारियां भी जल्दी शुरू कर दी गई थीं. सुबह 8.50 बजे विमान में सभी यात्रियों को सवार कर रनवे की ओर बढ़ाया. लेकिन टेकऑफ से ठीक पहले पायलट को विमान में तकनीकी खराबी की सूचना मिली.

पायलट ने तुरंत यह जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल और एयरलाइंस के ग्राउंड स्टाफ को दी और एहतियातन विमान को वापस टर्मिनल पर ले आया. टर्मिनल पर एयरलाइंस की इंजीनियरिंग टीम ने विमान की जांच शुरू की. अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह कोई गंभीर तकनीकी खराबी नहीं लगी और जल्द ही उसे सुधारकर फ्लाइट को रवाना किया. उधर, जब रनवे से लौटते समय विमान में अनाउंसमेंट हुआ कि तकनीकी कारणों से विमान वापस लाया जा रहा है, तो कुछ यात्री घबरा गए.

# डीजीसीए का सख्त फैसला

## एविएशन सेक्टर में होगी विशेष सुरक्षा जांच

**नई दिल्ली, 23 जून. भारत सरकार ने एविएशन सेक्टर में एक स्पेशल सेफ्टी ऑडिट शुरू करने का निर्णय लिया है. डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) के प्रमुख फैज़ अहमद किदवई द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि यह ऑडिट वार्षिक जांच से अलग और अधिक व्यापक होगा.**

इस विशेष जांच में सभी एयरलाइंस, एयरपोर्ट, फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, हेलिकॉप्टर सेवा, एमआरओ (मेंटेनेंस-रिपेयर-ओवरहॉल), ग्राउंड हैंडलिंग यूनिट और एयर ट्रैफिक से जुड़ी सेवाओं को शामिल किया जाएगा. खास बात यह है कि यह ऑडिट इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के आधार पर किया जाएगा, जिससे भारत के एविएशन सिस्टम को वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलेगी. डीजीसीए ने यह भी निर्देश दिया है कि खराब मौसम या तकनीकी बाधाओं की स्थिति में उड़ानों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और पायलटों को फ्लाइट रूट बदलने की स्वतंत्रता दी जाए. इस बीच, एयर इंडिया ने अपने नेटवर्क की स्थिरता बनाए रखने के लिए 19 रूट पर 118 उड़ानों में कटौती और 3 रूट पर सेवाएं अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है.

# ग्वालियर से पकड़ाया बिल्डिंग मालिक

**इंदौर में जलाया था सोनम का बैग**

**लोकेंद्र, शिलोम और गार्ड बलवीर की मिली भगत**

**इंदौर. 23 जून. मेघालय के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच कर रही शिलांग पुलिस की एसआईटी ने एक और गिरफ्तारी की है. सोमवार को ग्वालियर से इंदौर की बिल्डिंग का मालिक लोकेंद्र तोमर को हिरासत में लिया है.**

यह वही फ्लैट है, जहां हत्याकांड के बाद मुख्य आरोपी सोनम कुछ दिन ठहरी थी और



जिसे शिलोम जेम्स नामक व्यक्ति को किराए पर दिया था. सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी की टीम सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे ग्वालियर के गांधीनगर स्थित एमके प्लाजा पहुंची. फ्लैट नंबर 105 से सिविल ड्रेस में आए चार अधिकारी लोकेंद्र को साथ ले गए. अपार्टमेंट गार्ड ने इसकी पुष्टि की है. जांच में सामने आया है कि सोनम ने राजा की हत्या के बाद इंदौर लौटकर देवास नाका स्थित इसी फ्लैट में शरण ली थी और जाते समय एक काले रंग का बैग वहां छोड़ गई थी. शिलांग पुलिस इसी बैग की तलाश में थी. 20-21 जून को सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सुराग मिले और इसके बाद शिलोम जेम्स तथा अपार्टमेंट गार्ड बलवीर अहिरवार को भी गिरफ्तार कर लिया था. पूछताछ में खुलासा हुआ कि लोकेंद्र तोमर के कहने पर ही सोनम का बैग जलाया गया.

जेम्स ने बताया कि उसने बिल्डिंग को तीन लाख रुपए प्रतिमाह पर किराए पर लिया था और उसमें विभिन्न किराएदारों को ठहराता था, जिनमें सोनम भी शामिल थी. क्राईम ब्रांच सूत्रों के अनुसार बैग में राजा और सोनम के मोबाइल फोन सहित कई अहम इलेक्ट्रॉनिक सबूत थे. शिलोम पर दबाव डालकर लोकेंद्र ने बैग हटवाकर उसे जलाने के लिए कहा. इसके बाद ही कृष्णा विहार कॉलोनी स्थित एक खाली प्लॉट में बैग जला दिया था, जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ वहां पहुंचकर जांच की.

### अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक चार जुलाई से

**नई दिल्ली, 23 जून.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वार्षिक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष 4 से 6 जुलाई तक नई दिल्ली स्थित संघ कार्यालय 'केशवकुंज' में आयोजित की जाएगी. यह बैठक विक्रम संवत 2082 के अनुसार आषाढ़ शुक्ल नवमी, दशमी और एकादशी को होगी. अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में देशभर के सभी प्रांत, सह प्रांत, क्षेत्र और सह क्षेत्र प्रचारक भाग लेंगे. संघ की संरचना में 11 क्षेत्र और 46 प्रांत हैं.

बैठक | गृहमंत्री अमित शाह आज मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की करेंगे अध्यक्षता

# चार राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ बनेगी रणनीति

**नयी दिल्ली, 23 जून. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे. बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री भाग लेंगे. राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे.**

मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं. बैठक का आयोजन गृह मंत्रालय में अंतर-राज्य परिषद सचिवालय और उत्तर प्रदेश



सरकार के सहयोग से किया जा रहा है. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी. केंद्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं.

सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक इनके सदस्य हैं जिनमें से सदस्य राज्यों से एक राज्य के मुख्यमंत्री (हर साल बारी-बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं. प्रत्येक सदस्य राज्य से राज्यपाल द्वारा दो मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है. प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है. राज्यों द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को पहले संबन्धित क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है.

### शहीद गिरिपुंजे के परिजनों से मिले शाह

**रायपुर, 23 जून.** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में शहीद आकाश राव गिरिपुंजे के परिजनों से सोमवार को यहां सौजन्य भेंट की. उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना भी प्रदान की. अमित शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है. उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा.



# 160 भारतीय सुरक्षित लौटे

**नई दिल्ली, 23 जून. ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच भारत ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इजरायल में फंसे 160 भारतीयों को सुरक्षित निकाला. पहला जत्था अम्मान से विशेष उड़ान द्वारा सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ. तेल अवीव और हाइफा से नागरिकों को सड़क मार्ग से शेख हुसैन ब्रिज होते हुए अम्मान एयरपोर्ट पहुंचाया गया.**

निकासी में महिलाओं, छात्रों और आपात रोगियों को प्राथमिकता दी गई. हिब्रू विश्वविद्यालय के शोधकर्ता अरविंद शुक्ला ने दूतावास के समन्वय की सराहना की. भारतीय मिशन ने 24×7 नियंत्रण कक्ष बनाकर ऑनलाइन पंजीकरण और विशेष उड़ानों की व्यवस्था की. सरकार की निगरानी में अभियान चला और प्रधानमंत्री मोदी खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं.

## गुस्ताखी माफ

